भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 324

जिसका उत्तर 03.12.2025 को दिया जाना है

एनएच-7 और एनएच-34 की प्रगति

324. # श्री महेंद्र भट्टः

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) -7 के देहरादून लाल टप्पर नेपाली फार्म खंड और राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)-34 के नेपाली फार्म मोतीचूर खंड के सुधार संबंधी प्रगति रिपोर्ट क्या है;

(ख) इसके लिए कुल कितनी धनराशि जारी की गई है; और

(ग) मार्ग पर कार्य कब तक पूर्ण होगा?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)-7 के देहरादून-लाल टप्पर-नेपाली फार्म खंड और राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)-34 के नेपाली फार्म मोतीचूर खंड के सुधार के लिए कार्य सौंप दिया गया है और दिनांक 18.11.2025 को संविदा करार पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

(ख) कार्य के कार्यान्वयन के लिए 720.67 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है।

(ग) परियोजना के लिए निर्माण अवधि नियत तिथि से 2.5 वर्ष रखी गई है।

*****